दैनिक न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया जाएगा संविधान दिवस, होंगे विविध आयोजन

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जिले के 101 अमृत सरोवर स्थलों पर 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन भी होगा। इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ एवं मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश गए है। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य संविधान के प्रति नागरिकों को जागरूक करना और उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों का महत्व समझाना है। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान की उद्देशिका के सामूहिक पाठ से होगी। जिले के प्रमुख अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण, मनरेगा जॉब कार्डधारी नागरिकों और छात्रों को संविधान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी को आमंत्रित किया गया है।

### मिशन वात्सल्य के संविदा भर्ती हेतु पंजीकृत डाक से आवेदन की अंतिम तिथि 28 नवंबर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में संविदा भर्ती के लिए आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट और कोरियर से 28 नवंबर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। जिला बाल संरक्षण इकाई बालोद, बलरामपुर, बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, बिलासपुर, दंतेवाडा, धमतरी, जशपुर, कांकेर, कोंडागांव, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, सुकमा, रायगढ़ और सूरजपुर जिले के रिक्त पदों के लिए भर्ती होगी। इसमें जिला बाल संरक्षण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी संस्थागत देखरेख, विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, सहायक सह डाटा एंट्री ऑपरेटर, आउटरीच वर्कर, लेखा, डाटा एनालिस्ट, परामर्श दाता के पद शामिल है। इसका विज्ञापन और आवेदन पत्र वेबसाइट सीजीडब्ल्यूसीडी डॉट जीओवी डॉट इन https://cgwcd.gov.in/ और सीजी स्टेट डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### खेल विभाग में संविदा भर्ती हेतु स्पीड पोस्ट से आवेदन की अंतिम तिथि 29 नवंबर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर के द्वारा वार्डन, स्टोरकीपर, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के कुल 16 पदों पर संविदा भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 29.11.2024 को सांय 5 बजे तक आवेदन पत्र रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण रायपुर में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट स्पोर्ट्सवायडब्ल्यू डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन www.sportsyw.cg.gov.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।

### खुर्सी, छर्रा और संडा गांव में 26 नवंबर को जाएंगे डॉक्टर आपके द्वार की टीम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** ग्रामीणों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर आपके द्वार का मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) वाहन 26 नवंबर मंगलवार को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम संडा व सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम खुर्सी और छर्रा में स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फार्माशिष्ट, लैब टेक्नीशियन उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू सभी सुविधाओं से लैस रहेगी, जिसमें लैब टेस्ट और उपचार की व्यवस्था होगी।

# पीएम आवास की प्रगति देखने फील्ड निरीक्षण में पहुंचे सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

- पुसौर ब्लॉक के गांवों का किया निरीक्षण, 150 से अधिक हितग्राहियों से घर-घर जाकर की मुलाकात
- मैदानी अमले को 3 माह में आवास पूर्णता के लक्ष्य के साथ काम करने के दिए निर्देश





**रायगढ़**

जिले में स्वीकृत पीएम आवास निर्माण का काम वृहत पैमाने पर शुरू किया गया है। जिला स्तर पर लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव पीएम आवास निर्माण की प्रगति देखने खुद फील्ड निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने पुसौर ब्लॉक के छिछोरउमरिया और बुनगा गांवों के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने 150 से अधिक हितग्राहियों से उनके घर घर जाकर मुलाकात की और आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी ली।

सीईओ यादव ने इस दौरान हितग्राहियों से चर्चा कर आवास निर्माण के लिए मिस्त्री और रॉ मटेरियल की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पंचायत सचिव और रोजगार सहायक की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित करते हुए कहा कि आवास निर्माण का काम अगले 3 माह में पूरा करने का लक्ष्य है। इसको लेकर जो कार्ययोजना निर्धारित की गई है उसके अनुसार काम पूरा करवाते चलें। हितग्राहियों को आवास निर्माण संबंधी कोई समस्या हो तो उसके समाधान में सहयोग के निर्देश भी उन्होंने मैदानी अमले को दिए।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ में वर्ष 2024-25 में 36031 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति कर दी गई है जिसमें से 32027 हितग्राहियों को प्रथम किश्त एवं 3288 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त की राशि जारी कर दी गई है। विगत 15 दिवसों में लगभग 2 हजार अप्रारंभ आवासों को प्रारंभ कर द्वितीय किश्त की राशि प्रदाय किया गया है। समस्त आवासों को अगामी 03 माह में पूरा करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कार्ययोजना तैयार की गई है। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) एवं उप-अभियंता को भी प्रतिदिन फील्ड विजिट करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं उनसे प्रतिदिन आवासों की प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

## स्कूल परिसर में भिडें दो छात्र : एक ने कैची से किया हमला, अपचारी छात्र हिरासत में



**कोरबा । आरएनएस**

संस्कारित बच्चों के लिए प्रसिद्ध सरस्वती शिशु मंदिर में दो छात्र में आपस में भिड़ गए। इस बीच एक छात्र ने दूसरे पर कैची नुमा नुकीले हथियार से हमला कर दिया। इस घटना से स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल भेजा।

बांकीमोंगरा में संचालित इस स्कूल में पढऩे वाले हाई स्कूल के दो बच्चों के बीच लंबे समय से वर्चस्व को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को दोपहर भोजन अवकाश के वक्त स्कूल परिसर में ही दोनों के बीच पुन: विवाद हो गया। अपने साथ एक छात्र नुकीला कैची जैसा हथियार लेकर आया था। इससे उसने एक के बाद एक कर तीन बार हमला कर दिया। इस घटना में छात्र के पीठ, पेट व बांह में चोटें आई है।

घटना की जानकारी लगने पर आसपास के लोगों की भीड़ स्कूल में जमा होने लगी। व्यवस्था बनाने की दृष्टि से स्कूल प्रबंधन ने मुख्य द्वार में ताला लगा दिया। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाया और घटना की जानकारी ली। कुछ देर बाद स्वजन भी पहुंच गए और स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने घायल छात्र को अस्पताल भेजा तथा अपचारी छात्र को हिरासत में लिया है।

## पटरी पार कर रहे बाइक सवार आए ट्रेन की चपेट में

**कांकेर-रायपुर । आरएनएस**

जिले में भानुप्रतापपुर के पास खंडी नदी पर बने बड़े पुल पर दर्दनाक हादसा हुआ. ट्रेन की ठोकर से बाइक सवार पुल से नीचे गिर गए, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. यह घटना भानुप्रतापपुर से 1 किलोमीटर दूर खंडी नदी पुल पर हुई। जानकारी के अनुसार, तीन लोग बाइक पर सवार होकर पुल से गुजर रहे थे. उसी दौरान अंतागढ़ की ओर से आ रही ट्रेन को देखकर उन्होंने पुल पर ही बाइक खड़ी कर दी और किनारे खड़े हो गए. पीछे से आ रहे दूसरे बाइक सवार को ट्रेन ने ठोकर मार दी, जिससे बाइक उछलकर उनके पास खड़ी बाइक पर जा गिरी. इससे तीनों लोग नीचे नदी में जा गिरे। घटना के बाद ट्रेन को रोककर रेलवे पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर घायलों को नदी से बाहर निकाला. तीनों को भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन लाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि ये लोग रेलवे ट्रेक पर कैसे बाइक चला रहे थे और क्यों बाइक चला रहे थे। थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने बताया कि दोनों घायलों का इलाज जारी है अभी तक उनसे जानकारी नहीं मिल सकी है. तीनों घायलों में एक मूसे खान निवासी फूलसन जिला जैसलमेर राजस्थान का है. वहीं गिरधारी टांडिया और अखिलेश मंडावी अंतागढ़ के निवासी बताये गए हैं. इस घटना के बाद रेलवे प्रशासन भी हरकत में आ गया है।

## सीएम सिक्योरिटी में चूक, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** सीएम विष्णुदेव साय की सुरक्षा में बड़ी चूक हो गई। अरपा रिवर व्यू के कार्यक्रम के दौरान बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाया जा रहा था। सिविल लाइन पुलिस ने इस मामले में 2 युवक को गिरफ्तार किया है। उनके पास से ड्रोन भी बरामद कर लिया गया है। दरअसल सीएम विष्णुदेव साय का शनिवार को बिलासपुर दौरा था। इस दौरान वह अलग अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। ऐसा ही एक कार्यक्रम अरपा रिवर व्यू में रखा गया था। इस दौरान क्षेत्र को नो फ़्लाइंग जोन घोषित किया गया था। इसके बावजूद आसमान में ड्रोन उड़ रहा था। यह ड्रोन सीएम के आसपास भी मंडराता नजर आया।

## जिले में संगठित अपराध की धाराओं पर पहली कार्यवाई, बिज्जु ठाकुर के अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाई

- मारपीट मामले में फरार चल रहे आरोपी बिज्जु ठाकुर और साथी को किया गिरफ्तार, संगठित अपराध की धाराओं में कोर्ट पेश कर भेजा जेल



**रायगढ़**

कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे संगठित अपराध के आरोपी विजय सिंह ठाकुर उर्फ बिज्जु ठाकुर और उसके साथी शशिकांत यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों को मोहल्ले में घूमते हुए गिरफ्तार किया गया। इन पर गैर-जमानतीय धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

दिनांक 11 अगस्त 2024 की रात करीब 8:30 बजे, भारत माता चौक के पास 19 वर्षीय वैभव ठाकुर पर बिज्जु ठाकुर और शशिकांत यादव ने गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। आरोप है कि बिज्जु ने लोहे के हथौड़े से और शशिकांत ने धारदार हथियार से पीड़ित को घायल कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित को बचाया।

घटना के बाद वैभव ठाकुर की शिकायत पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 482/2024 के तहत धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। आहत के मेडिकल रिपोर्ट और चोट की प्रवृत्ति पर धारा 118(1) बीएनएस भी जोड़ी गई। आरोपित के बिज्जु ठाकुर के खिलाफ पहले भी हत्या का प्रयास, अपहरण, बलवा, मारपीट, छेड़खानी के करीब 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिज्जु ठाकुर के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए संगठित अपराध की धारा 111(2)(बी) बीएनएस की धारा जोड़ते हुए कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है।

घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित शशिकांत के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त चाकू की जप्ती की गई, आज दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशी के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी :

01. विजय सिंह ठाकुर उर्फ बिज्जु सिंह ठाकुर पिता स्व० मनराकन सिंह ठाकुर उम्र 44 वर्ष सा० कोतरारोड़ जय हिंद नगर रायगढ़ थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़

02. शशीकांत यादव पिता भवानी शंकर यादव उम्र 42 वर्ष सा० कोतरा रोड रेल्वे बंगलापारा रायगढ़ थाना सिटी कोतवाली जिला रायगढ़

## जिले में अब तक 2852 क्विंटल धान की हुई खरीदी

- 'टोकन तुंहर हाथ' एप से किसान धान विक्रय के लिए अपनी सुविधानुसार कर सकेंगे स्वयं टोकन जारी
- जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित, किसी भी प्रकार की समस्या पर दूरभाष नंबर 07762-319962 पर कर सकते है संपर्क



**रायगढ़**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार 14 नवम्बर से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो गई है। धान खरीदी के आज 12 वे दिन जिले में 2852 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिले के 7 ब्लाकों में 105 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। यहां किसानों के लिए पेयजल और बैठने की सुविधा उपार्जन केंद्रो में की गई है। किसानों को धान विक्रय करने में किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई न हो इसके लिए जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों, जिला स्तर से नियुक्त नोडल अधिकारियों को सम्पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस हेतु जिला स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष कलेक्टर (खाद्य शाखा) में स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नंबर 07762-319962 है।

**'टोकन तुहर हाथ' एप के माध्यम से 475 किसानों ने जारी किया स्वयं टोकन**

शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त करने हेतु मोबाईल ऐप 'टोकन तुहर हाथ' के माध्यम से प्रावधान किया गया है, जिसमें किसान अपनी सुविधानुसार स्वयं टोकन जारी कर सकता है। जिससे किसानों में उत्साह है। आगामी 29 नवम्बर तक धान उपार्जन हेतु 1778 टोकन जारी किया गया है। जिसमें समिति द्वारा 1303 एवं टोकन एप्प के माध्यम से 475 टोकन जारी किया गया है। वहीं कल 26 नवम्बर के लिए 364 टोकन जारी हुए है।

लोईंग निवासी कृषक टीकाराम प्रधान ने बताया कि उन्होंने 'टोकन तुहर हाथ' एप के माध्यम से घर बैठे मिनटों में स्वयं टोकन जारी किया, जिससे उन्हें बेहद खुशी हुई है। उन्होंने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कृषकों के लिए धान विक्रय के लिए यह एप काफी सुविधाजनक है।

## एफसीआई में 15 दिवस में अनिवार्य रूप से जमा करें चावल- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- कलेक्टर गोयल ने ली जिले के राइस मिलर्स की बैठक



**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट की सभाकक्ष में जिले के सभी राइस मिलर्स की बैठक ली। उन्होंने कहा कि एफसीआई में चावल जमा करने के 15 दिवस की समय-सीमा की बाध्यता को बनाए रखें तथा अनिवार्य रूप से स्टॉक पूर्ण करें। इस दौरान एडीएम संतन देवी जांगड़े उपस्थित रही।

कलेक्टर गोयल ने एफसीआई में 15 दिवस में कम चावल जमा करने वाले मिलर्स की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मिलर्स द्वारा निर्धारित समय-सीमा में चावल जमा करने की प्रतिशत कम है। सभी शासन द्वारा तय समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकता के साथ चावल जमा करने के कार्य को पूर्ण करें। इस दौरान उन्होंने बारदाने की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान धान आवक कम है, आगामी सप्ताह से धान की आवक में वृद्धि होगी। उन्होंने मिलर्स से क्षमता अनुसार संबंधित समिति में बारदानें जमा करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने नए मिलर पंजीयन के संबंध में भी चर्चा करते हुए मिलर्स की समस्याओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे, डीएमओ शैलो नेताम, जिला प्रबंधक नॉन सूर्यकांत शुक्ला, जिला खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह, एफसीआई से मुकेश कुमार, विपिन जायसवाल, डीआरसीएस सीएस जायसवाल, खाद्य निरीक्षक अंजनी कुमार राय, चुड़ामणी सिदार एवं जिले के राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

## बाघिन ने किया मवेशी का शिकार, लोगों में दहशत




**कवर्धा-रायपुर । आरएनएस**

जिले के घने जंगलों में पिछले दो महीनों से वन्यजीवों की गतिविधियां तेजी से बढ़ी हैं। कान्हा नेशनल पार्क से आई एक बाघिन और हाथियों का एक समूह यहां डेरा जमाए हुए हैं। बाघिन के मवेशियों का शिकार करने और हाथियों के ग्रामीण इलाकों में विचरण करने की खबरों ने वन विभाग और स्थानीय निवासियों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। वन विभाग के अनुसार, बाघिन की पहली उपस्थिति दो महीने पहले देखी गई थी। तब से वह लगातार कवर्धा के जंगलों में घूम रही है।

भूख मिटाने के लिए उसने मवेशियों को निशाना बनाया है, लेकिन वन विभाग का कहना है कि ग्रामीणों ने अभी तक शिकार की शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वन विभाग ने बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कई ट्रैप कैमरे लगाए हैं। हालांकि बाघिन का लगातार मूवमेंट ट्रैक करना विभाग के लिए चुनौती बन गया है। बाघिन की सुरक्षा के मद्देनजर उसकी सटीक लोकेशन को गुप्त रखा गया है। विभाग के अधिकारियों का मानना है कि यदि यह बाघिन यहां स्थायी ठिकाना बनाती है, तो यह क्षेत्र की जैव विविधता के लिए सकारात्मक संकेत होगा।

## संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में होंगे वर्ष भर कार्यक्रम

- स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता
- अनुसूचित जाति और जनजाति बहुल गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा सहित होंगे विभिन्न आयोजन




**रायपुर । आरएनएस**

संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ में संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए राज्य के स्कूल, कॉलेज और ग्राम पंचायतों में साल भर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' का टैगलाइन निर्धारित किया गया है। स्कूली बच्चों को पर युवा सहभागिता गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्कूलों और कॉलेजों में प्रश्नोत्तरी वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जाति, जनजाति गांवों में 15 दिवसीय संविधान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान, जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं होंगी, उन पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का भी आयोजन होगा, जिसमें संविधान के अनुच्छेद 51ए के तहत नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को पढ़ा और समझाया जाएगा। इस मौके पर जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा। संविधान सभा के सदस्यों से जुड़े गांवों में, जिसमें संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान पर विशेष जोर देते हुए विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे।

स्कूलों और कॉलेजों में संविधान के प्रावधान, संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांत तथा नवीनतम संशोधन आदि विषयों पर प्रश्नोत्तरी आयोजित किया जाएगा। साथ ही नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा अन्य संवैधानिक मुद्दों पर वाद-विवाद सेमिनार, जिसमें सामाजिक सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, समय के साथ चुनौतियों का सामना करने के लिए संविधान को लचीला बनाने तथा नवीनतम तथा प्रमुख संशोधनों की जानकारी देने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480